मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 16, मुंबई, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर














## 'सर, आज मारूंगा...' वैभव सूर्यवंशी ने मैच से ही कर दी थी भविष्यवाणी, कोच ने किया खुलासा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास की सबसे यादगार पारियों में से एक खेली। इसमें अब किसी को कोई शक नहीं होगा। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में वैभव ने मात्र 35 गेंद पर 100 रन जड़ दिए। 94 रन के स्कोर पर वैभव ने राशिद खान जैसे दिग्गज गेंदबाज की गेंद पर छक्का जड़कर ऐतिहासिक शतक जड़ा। वैभव की पारी में कुल 11 छक्के और 7 चौके शामिल थे। अपने आईपीएल कैरियर की शुरूआत ही छक्के से करने वाले वैभव ने इस पारी के लिए पहले ही मन बना लिया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### वैभव की उपलब्धि क्यों है खास?

सोमवार (28 अप्रैल) को उनके जादुई शतक के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य 25 गेंदें बाकी रहते हासिल कर लिया।आईपीएल के इतिहास का यह दूसरा सबसे तेज शतक है। वह पुरुष टी20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। वह 38 गेंदों में 101 रन बनाकर आउट हुए आईपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने अप्रैल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 30 गेंदों में शतक जमाया था।

## '3 घंटे सोती थी मां, पापा ने काम छोड़ा, मुश्किल से चला घर...'

वैभव ने कहा- 'जो भी मैं आज हूं अपने पैरेंट्स की वजह से हूं। मेरी प्रैक्टिस की वजह से मां 2 बजे रात में उठती थीं। वो रात में 11 बजे सोती थीं और केवल तीन घंटे की नींद लेती थीं। फिर मेरे लिए वो खाना बना रही हैं। पापा ने काम छोड़ दिया, मेरा बड़ा भाई पापा का काम संभाल रहा है और उसी से मुश्कलि से घर चल रहा है। और पापा मेरे पीछे लगे हुए हैं कि तुम करेगा, तुम करेगा, तुम करेगा... भगवान देखते हैं कि मेहनत करने वाले को कभी असफलता नहीं मिलती है।'

### मैं ज्यादा नहीं सोचता हूं : वैभव सूर्यवंशी

मैच के बाद उन्होंने कहा- बहुत अच्छा लग रहा है। यह आईपीएल में मेरा पहला शतक है और मेरी तीसरी पारी थी। टूर्नामेंट से पहले जो प्रैक्टिस की थी, उसका अब अच्छा नतीजा मिल रहा है। मैं बस गेंद को देखता हूं और खेलता हूं। यशस्वी जायसवाल के साथ बैटिंग करना अच्छा लगता है, वह मुझे समझाते हैं कि क्या करना है और हमेशा पॉजिटिव बात करते हैं। आईपीएल में शतक बनाना मेरा सपना था और आज वह पूरा हो गया। मुझे कोई डर नहीं लगता।

## अब इलेक्ट्रिक गाड़ियों को नहीं देना पड़ेगा टोल



### फडणवीस सरकार का बड़ा फैसला, एयरपोर्ट पर होगी वॉटर टैक्सी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार की मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 11 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महाराष्ट्र को भिखारियों से मुक्त करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को मंजूरी दे दी। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार व अन्य मंत्री उपस्थित थे। नई पॉलिसी के तहत पैसेंजर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को सब्सिडी दी जाएगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कुछईवी को टोल से भी छूट दी जाएगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महायुति में सुलझा पालकमंत्री का झगड़ा!

## अदिति तटकरे को मिलेगा रायगढ़ जिला, महाराष्ट्र दिवस की ध्वजारोहण लिस्ट से हुआ खुलासा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में रायगढ़ जिले के पालकमंत्री पद को लेकर जारी उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना एवं अजित पवार की एनसीपी के बीच रस्साकशी अभी खत्म नहीं हुई है। लेकिन 1 मई को महाराष्ट्र दिन के मौके पर झंडा वंदन करने वाले मंत्रियों की जो सूची आई है, उससे ये संकेत मिले हैं कि रायगढ़ का झंडा महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे के ही हाथों में रहेगा अर्थात अदिति ही रायगढ़ जिले की पालकमंत्री रहेंगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)





### रायगढ़ और नासिक के पालकमंत्री को लेकर विवाद

महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार 2.0 के दौरान रायगढ़ जिले एवं नासिक जिले में पालकमंत्री पद को लेकर शिवसेना शिंदे गुट ने विरोध दर्ज कराया था। जिसकी वजह से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रायगढ़ के लिए पालकमंत्री घोषित की गई महिला विकास एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे तथा नासिक में मंत्री गिरीश महाजन के पालक मंत्री की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। शिवसेना शिंदे गुट अपने नेता व मंत्री भरत गोगावले को रायगढ़ का पालक मंत्री बनाना चाहता है।

## हमारी बात

### ट्रंप विरोधी जनादेश!

**ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था।**

ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया। पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था। अब साफ है कि मतदाताओं ने ट्रंप के हमलों से कनाडा की रक्षा करने के लिहाज से लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी को अधिक सक्षम माना है। कार्नी ने अमेरिकी बैंक गोल्डमैन शैक्स से करियर शुरू किया और बैंक ऑफ कनाडा तथा बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर रह चुके हैं। नव-उदारवाद और मुक्त व्यापार के पैरोकार हैं। राजनीति में आने के बाद से आर्थिक नीतियों में नैतिक मूल्यों को भी स्थान देने की वकालत उन्होंने की है। बहरहाल, उनके सामने चुनौतियां बेहद गंभीर हैं। एक तो ट्रुडो शासनकाल में पैदा हुई समस्याएं हैं और ऊपर से ट्रंप की नीतियों से पेश आई चुनौतियां हैं। फिलहाल, कनाडा में बना ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद उनकी ताकत बना है, मगर अंततः लोग उनका आकलन समस्याओं के समाधान की कसौटी पर ही करेंगे।

# बिहार सरकार एवं ललित कला अकादमी पटना द्वारा मधुबनी राम कृष्ण महाविद्यालय ललित कला का सहायक प्रोफेसर श्री प्रमोद प्रकाश जी को माननीय मंत्री श्री मोतीलाल प्रसाद जी ने किया सम्मानित

**मधुबनी।** कला संस्कृति युवा विभाग बिहार सरकार एवं ललित कला अकादमी पटना द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में मेरी पेंटिंग शीर्षक को पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। मुझे समकालीन कला पेंटिंग में राज स्तरीय पुरस्कार दिया गया है। मेरा नाम श्री प्रमोद प्रकाश जी है और मैंने ललित कला संकाय एम.एस. विश्वविद्यालय बड़ौदा गुजरात से पढ़ाई की मैं अभी मधुबनी आर के कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग में ललित कला का सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करता हूं यह प्रदर्शनी दिनांक 18/04/2025 से 8/05/2025 तक चलेगी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय मंत्री मोतीलाल प्रसाद कला संस्कृति युवा



विभाग ने की उन्होंने कहा कि साहित्य कला समाज का दर्पण है यह सम्मान भारत के उस कला संस्कृति को प्रणाम है जो राष्ट्र को आत्मा को कला और संस्कृति में ढालती है और और जन जन को प्रेरणा



देती है मौका पर श्री सचिव प्रणव कुमार निदेशक श्रीमती रूबी कुमारी संग्रहालय निदेशक रचना पाटिल एवं ललित कला अकादमी की और सचिव श्रीमती अमृता प्रीतम द्वारा किया गया है।

# रेडिसन बरेली पहुंचे बॉलीवुड हीरो सुनील शेट्टी, होटल की दिल खोलकर कि तारीफ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता, निमार्ता और उद्यमी सुनील शेट्टी रविवार को बरेली पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने शहर के एकमात्र फाइव स्टार होटल रेडिसन बरेली का दौरा किया और वहाँ की विश्वस्तरीय सुविधाओं और अतिथि सेवा की भरपूर प्रशंसा की। सुनील शेट्टी ने कहा कि रेडिसन बरेली, किसी भी मेट्रो सिटी के लक्जरी होटल को टक्कर देने की क्षमता रखता है। होटल के स्टाफ का व्यवहार, कमरों की सजावट, स्वादिष्ट भोजन और शांत वातावरण ने उन्हें बेहद प्रभावित किया।



उन्होंने होटल को बरेली शहर के लिए गर्व का विषय बताया। रेडिसन बरेली आधुनिक सुविधाओं जैसे अत्याधुनिक जिम, स्विमिंग पूल, मल्टी-कुजीन रेस्तरां, विशाल कांफ्रेंस हॉल और शानदार बैंक्वेट से सुसज्जित है, जो इसे न केवल पर्यटकों बल्कि व्यावसायिक आयोजनों के लिए भी एक आदर्श स्थल बनाता है। बरेली से रवाना होते हुए सुनील शेट्टी ने रेडिसन होटल की मेजबानी के लिए आभार व्यक्त किया और मुंबई के लिए उड़ान भरी। रेडिसन बरेली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह उत्तर भारत में लक्जरी और सेवा क्षेत्र का नया मानक बन चुका है।

# बरेली में उर्स ए ताजुश्शरिया कि तैयारी हुई शुरू जिला कलेक्ट्रेट पर हुई अहम बैठक, उर्स में आएंगे लाखो जायरीन

**बरेली।** बरेली में उर्स-ए-ताजुश्शरिया चार व पांच मई को दरगाह आला हजरत स्थित खानकाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित जामियतुर्रजा इस्लामिक सेंटर में मनाया जाएगा। उर्स में शिरकत करने के लिए बड़ी संख्या में जायरीन के पहुंचने की उम्मीद है। खानदान ए आला हजरत के बुजुर्ग हजरत मुफ्ती अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो दिवसीय उर्स चार मई से शुरू हो रहा है। इसमें शामिल होने के लिए विदेशों और देश के दूर दराज इलाकों से जायरीन आएंगे। दो रोजा उर्स के मद्देनजर जायरीन ने अभी से शहर के तमाम होटलों और गेस्ट हाउस में कमरे बुक करा लिए हैं। शहर में आला हजरत के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा उर्स होता है। इसके मद्देनजर दरगाह की ओर से इन दिनों तैयारियां जोरो पर हैं। न सिर्फ जायरीन के ठहरने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं, बल्कि शहर के तमाम लोगों ने लंगर आदि के लिए भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उर्स की तमाम तैयारी को लेकर जमात रजा मुस्तफा



के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने बताया कि उर्स चार व पांच मई को दरगाह आला हजरत स्थित खानकाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित जामियतुर्रजा इस्लामिक सेंटर पर मनाया जाएगा। उर्स में शिरकत करने के लिए इस बार बड़ी संख्या में जायरीन के पहुंचने की संभावना है।

**उर्स को लेकर कलेक्ट्रेट पर हुई मीटिंग**

**आज जिला कलेक्ट सभागार में जिलाधिकारी और एसपी सिटी की अध्यक्षता में उर्स-ए-ताजुशारिया की तैयारीयों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी व दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा का प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता जमात रजा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने की इस मौके पर उर्स कोर कमेटी के मुख्य सदस्य शमीम अहमद, हाफिज इकराम, मोईन खान, समरान खान, यासीन खान, कौसर अली, शाहिउद्दीन, आदि लोग मौजूद रहें।**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सिटी हलचल

मुंबई, बुधवार
30 अप्रैल 2025






# अंधेरी वेस्ट में इन्फिनिटी लाउंज पर बीएमसी की बड़ी कार्रवाई

## अवैध निर्माण ध्वस्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने मंगलवार को अंधेरी वेस्ट के न्यू लिंक रोड पर क्रिस्टल प्लाजा के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इन्फिनिटी लाउंज फैमिली रेस्तरां और बार में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। के-वेस्ट वार्ड की टीम ने रेस्तरां द्वारा बिल्डिंग परिसर को अनधिकृत रूप से घेरकर बनाए गए डाइनिंग क्षेत्र को ध्वस्त कर दिया।स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों, जैसे मुंबई हलचल, की शिकायतों के बाद बीएमसी ने यह कदम उठाया। शिकायतों में कहा गया था कि रेस्तरां ने नियमों का उल्लंघन करते हुए परिसर का दुरुपयोग किया था। कार्रवाई के दौरान, जब बीएमसी अधिकारियों से सवाल पूछे गए, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बीएमसी के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह निर्माण पूरी तरह अवैध था और इसे हटाने के लिए कार्रवाई जरूरी थी। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि 5 से 6 दिन बाद यह अवैध निर्माण फिर से बनाया जा सकता है, जिसमें कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत शामिल हो सकती है। इन आरोपों की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। के-वेस्ट वार्ड के सहायक नगर आयुक्त, चक्रपाणि अले, ने कहा, हम अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। बीएमसी ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही मांग की है कि बीएमसी नियमित निगरानी करे ताकि अवैध निर्माण दोबारा न हो। इस मामले में आगे की जानकारी के लिए बीएमसी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला।

# धार्मिक फिल्म 'महासर माँ' का मुहूर्त उनकी महिमा गीत के साथ ग्रेविटी स्टूडियो में संपन्न

**मुंबई हलचल/रमाकांत मुंडे**

**मुंबई।** मारवाड़ी समाज की कुलदेवी 'महासर माँ' की महिमा और चमत्कारों को दर्शाती एक फीचर फिल्म का निर्माण शीघ्र ही होने जा रहा है। महासर मूवीज के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म का शीर्षक 'महासर माँ' ही रखा गया है ताकि समाज के साथ साथ अन्य भक्त भी माता के बारे में जान सकें। इस फिल्म का निर्देशन सनी अग्रवाल करेंगे जो कई वर्षों से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। हाल ही में इस फिल्म का मुहूर्त एक गीत के साथ ग्रेविटी स्टूडियो, गोरेगांव (मुंबई) में सम्पन्न हुआ। उसी अवसर पर बॉलीवुड के जाने माने डीओपी और प्रोड्यूसर असीम बजाज फिल्म की टीम को शुभकामना देने के लिए उपस्थित हुए। इस फिल्म का संगीत भीमेश द्विवेदी ने तैयार किया है तथा गीतकार रमन द्विवेदी हैं वहीं सिंगर दिव्य कुमार ने टाइटल सॉन्ग गाया है। फिल्म के निर्माता श्रीधर गुप्ता, दीपक अग्रवाल और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर संतोष पंसारी एवं राजकुमार सिंघल हैं। निर्देशक सनी अग्रवाल ने





बताया कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने शुरू होगी और दीवाली के शुभ अवसर पर रिलीज कर दी जाएगी। फिल्म में बॉलीवुड के कलाकारों सहित नए कलाकार भी अभिनय करेंगे। हेमा मालिनी और मुकेश खन्ना से संपर्क किया गया है लेकिन अभी उनके अनुमति मिलना शेष है। सनी ने आगे कहा कि मैंने लगभग 50 फिल्में बनाई है लेकिन यह फिल्म महासर माँ के आशीर्वाद से बहुत ही बेहतरीन बनेगी। श्रीधर गुप्ता जी ने माता का मंदिर बनवाया है साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला भी बनवाया है। मैं भी वहां गया हूँ माँ का दर्शन कर स्वयं को भाग्यशाली पाया हूं। निर्माता श्रीधर गुप्ता ने बताया कि महासर माँ का मंदिर हरियाणा राज्य के महेंद्रगढ़ जिले में स्थित है। माता जी मेरे घर के साथ साथ हजारों परिवार की कुलदेवी हैं और वहां प्रति वर्ष दोनों नवरात्रि में बड़ा मेले का आयोजन किया जाता है। मान्यता अनुसार माता के भक्त अपने बच्चों के मुंडन संस्कार और विवाह के समय नव दंपति उनका आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। हम सभी ने प्रत्यक्ष रूप से महासर माँ के चमत्कार को देखा है। मैं स्वयं मुंबई में संघर्ष कर रहा था और रुपए पैसे के अभाव में दिन गुजार रहा था लेकिन माता जी आशीर्वाद मिला और मैं संपन्न हो गया। इस फिल्म के बनने के बाद लोग महासर मां के बारे में भली भांति परिचित हो जाएंगे और मन्नत मांगने उनके दरबार में पहुंचेंगे।

# वक्फ कानून के विरोध में 15 मिनट ब्लैक आउट करेंगे कानपुर के मुसलमान

**कानपुर।** आज बुधवार को यहां लाखों की संख्या वाले मुसलमान रात 9:00 बजे से 15 मिनट तक के लिए बिजली बंद रखकर वक्फ कानून के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। 15 मिनट के लिए विद्युत उपयोग बंद रखने का निर्णय वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी, जमीअत अहले हदीस के आह्वान पर लिया गया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अगुवाई में लिए गए इस निर्णय के मुताबिक आज बुधवार रात 9 बजे से 9.15 बजे तक देशव्यापी बिजली बंद करके ब्लैकआउट रखा जाएगा। मतलब मुस्लिम समुदाय 15 मिनट तक अपने कारखानों, दुकानों, घरों की बिजली बंद रखेंगे। इस संबंध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि वक्फ कानून के विरोध में बोर्ड ने पहले जो खाका तैयार किया है, उसी पर अमल होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जुमा की नमाज मुसलमान अपने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर पढ़ रहा है। जहां कहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का अधिवेशन हो रहा है, बड़ी संख्या में मुसलमान शामिल हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम पर्सनल .लॉ बोर्ड के इस निर्णय के अनुरूप सभी मुस्लिम समुदाय आज रात बुधवार 9:00 बजे से 15 मिनट के लिए बिजली बंद रखकर वक्फ कानून के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे ।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### सूर्यवंशी का चमका 'वैभव'

अपने कोच से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि सर आज मैं मारूंगा और वैभव ने वहीं किया। गुजरात के गेंदबाजों को ऐसी मार पड़ी कि, 210 रन का टार्गेट केवल 15.5 ओवर में ही हासिल हो गया। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास की सबसे यादगार पारियों में से एक खेली। इसमें अब किसी को कोई शक नहीं होगा। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में वैभव ने मात्र 35 गेंद पर 100 रन जड़ दिए। 94 रन के स्कोर पर वैभव ने राशिद खान जैसे दिग्गज गेंदबाज की गेंद पर छक्का जड़कर ऐतिहासिक शतक जड़ा। वैभव की पारी में कुल 11 छक्के और 7 चौके शामिल थे। अपने आईपीएल कैरियर की शुरूआत ही छक्के से करने वाले वैभव ने इस पारी के लिए पहले ही मन बना लिया था। अपने कोच से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि सर आज मैं मारूंगा और वैभव ने वहीं किया। गुजरात के गेंदबाजों को ऐसी मार पड़ी कि, 210 रन का टार्गेट केवल 15.5 ओवर में ही हासिल हो गया। आईपीएल शुरू होने से पहले वैभव सूर्यवंशी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में वे पूछते हैं, क्या ऐसा कभी हुआ है कि आपने पहली ही गेंद पर छक्का मारा हो? यही मासूम लेकिन गहरी बात 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल डेब्यू से कुछ दिन पहले एक साथी खिलाड़ी से पूछी थी।

### महायुति में सुलझा पालकमंत्री का झगड़ा!

कुछ ऐसे ही संकेत नासिक जिले के पालकमंत्री पद को लेकर भी सामने आए हैं। पालघर जिले में झंडा वंदन करने अधिकार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी मंत्री गिरीश महाजन को मिला है। नासिक पालक मंत्री पद को लेकर शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी के बीच खींचतान चल रही है। इस बीच महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोण के लिए मंत्री की सूची जारी हुई है। बता दें कि 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस, 1 मई यानी महाराष्ट्र दिन तथा 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालयों पर जिले के पालक मंत्रियों द्वारा ध्वजारोहण किए जाने की परंपरा रही है। लेकिन 1 मई को ध्वजारोहण करने का अधिकार मिलने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि रायगढ़ जिले की पालकमंत्री अदिति तटकरे हैं बनेंगी।

### अब इलेक्ट्रिक गाड़ियों को नहीं देना पड़ेगा टोल

फडणवीस ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि राज्य सरकार ने नई ईवी पॉलिसी को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत यात्री इलेक्ट्रिक व्हीकल को सब्सिडी दी जाएगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल की मैन्यूफैक्चरिंग और इस्तेमाल में बढ़ोतरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पॉलिसी के तहत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जाएगा। महाराष्ट्र इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत, मुंबई-पुणे यशवंतराव चव्हाण एक्सप्रेसवे, अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु और हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि राजमार्ग पर यात्रा करने वाले सभी चार पहिया यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों और बसों को टोल से पूरी तरह छूट दी जाएगी। महाराष्ट्र में ऐप आधारित वाहनों के लिए एग्रीगेटर्स नीति लागू करने को मंजूरी।

## ट्रंप के टैरिफ वार फैसले का दिखा बड़ा असर

# कनाडा चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की जीत, फिर बने पीएम
# पीएम मोदी ने दी बधाई, खालिस्तान समर्थक एनडीपी की हुई करारी हार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कनाडा आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीत हो गई है। नतीजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और टैरिफ वार का असर साफ नजर आ रहा है। लिबरल पार्टी की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के मुताबिक लिबरल पार्टी ने संसद की 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें जीती हैं। अब तक जो रुझान आए हैं, उनमें पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल्स को करीब 168 सीटें मिलती दिख रही हैं, जो कि बहुमत के आंकड़े-172 से महज चार सीटें ही कम हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल- कंजर्वेटिव पार्टी को 144 से 148 सीटों पर बढ़त मिली है। दूसरी तरफ जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेट्स पार्टी (एनडीपी) को 7 सीटें और ब्लॉक क्यूबेकॉइस को 23 सीटें मिलने का अनुमान है।

इससे पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला करना शुरू किया था तो लिबरल्स हार रहे थे। ट्रंप के कार्यों ने कनाडाई लोगों को क्रोधित कर दिया और राष्ट्रवाद में उछाल ला दिया। इसके बाद लिबरल्स की चुनावी कहानी को पलट गई और पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई।

कनाडा और अमेरिका के मध्य लाभकारी प्रणाली खत्म हुई | लिबरल्स पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई

### जीत के बाद कार्नी ने चेताया, 'ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे'



*चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने ओटावा में विजय भाषण में कहा कि ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कनाडा की एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका ने जिस पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली को साझा किया था, वह अब खत्म हो चुकी है। हम अमेरिकी विश्वासघात के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन हमें उससे मिले सबक कभी नहीं भूलना चाहिए। जैसा कि मैं महीनों से चेतावनी दे रहा हूं, अमेरिका हमारी जमीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। ये बेकार की धमकियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।*

### एनडीपी ने पार्टी का दर्जा खोया



कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। वे अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं। पार्टी को मिली करारी हार के बाद जगमीत ने पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख का पद छोड़ते वक्त जगमीत सिंह रो पड़े। जगमीत सिंह हाउस ऑफ कॉमन्स में 2019 से बर्नबी सेंट्रल सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे इस सीट पर पहले से तीसरे स्थान पर आ गए।

### साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक



पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडाई नेता मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि कनाडा के पीएम के रूप में निर्वाचन पर मार्क जे कार्नी को बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। दोनों साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसर खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे: मार्क कार्नी

चुनाव से पहले पीएम मार्क कार्नी ने कई बार यह कहा है कि अगर वह कनाडा के पीएम चुने जाते हैं, तो वह भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से स्थापित और मजबूत करेंगे। उन्होंने वर्तमान समय में दोनों देशों के रिश्तों में तनाव को स्वीकार किया और कहा कि आपसी मूल्यों और विश्वास पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### त्रिनिदाद और टोबैगो चुनाव में बिसेसर की वापसी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की आम चुनावों में जीत हासिल करने पर यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस की नेता कमला प्रसाद बिसेसर को बधाई दी कहा कि भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच ऐतिहासिक और पारिवारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए वह उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। बिसेसर, पहले 2010 से 2015 तक त्रिनिडाड एंड टोबैगो की पीएम रह चुकी हैं, अब 73 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से सत्ता में लौट रही हैं।

### बेकाबू कार ने 4 मासूम लोगों को कुचला




**चैथम।** अमेरिका के इलिनोइस में एक कार कार ने चार मासूमों को कुचल दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। इलिनोइस के स्प्रिंगफील्ड के बाहर आफ्टरस्कूल कार्यक्रम के दौरान बेकाबू कार इमारत में घुस गई। चैथम पुलिस विभाग के उप प्रमुख स्कॉट टार्टर ने कहा कि कार तीन बच्चों को टक्कर मारने के बाद इमारत में जा घुसी। फिर दूसरी तरफ से बाहर निकलने से पहले एक अन्य बच्चे को टक्कर मारी।

## आतंकवाद के सबसे बड़े सरपरस्त पाकिस्तान को भारत ने यूएन में लगाई लताड़

# वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला धूर्त देश पाकिस्तान, खुद कबूला अपना सच

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बढ़ती तनातनी के बीच ये बात तो बिलकुल साफ है कि भारत पाकिस्तान के आतंकवाद के फन को जल्द कुचलने के लिए कमर कस चुका है। तीनों सशस्त्र सेनाएं हाईअलर्ट के साथ अपनी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उचित आदेश के इंतजार में हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर एक बार फिर से बेनकाब कर उसकी सारी पोल पट्टी खोल दी है।

यह पूरा वाकया बीते सोमवार देर रात यूएन के आतंकवाद निरोधक कार्यालय द्वारा आयोजित 'विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क' (वीओटीएएन) के उद्घाटन सत्र के दौरान पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान द्वारा भारत पर झूठे आरोप लगाने से जुड़ा हुआ है। जिसमें भारत की यूएन में उप स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत योजना पटेल ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस खुले कबूलनामे का जिक्र करते हुए कहा कि उससे किसी को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। बल्कि यह इस बात को उजागर करता है कि पाकिस्तान एक ऐसा धूर्त देश है जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

### पाक रक्षा मंत्री का सार्वजनिक कबूलनामा

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत योजना पटेल ने खारिज किए पाक के झूठे, निराधार आरोप

भारत ने बैन किया पाक के रक्षा मंत्री का 'एक्स' हैंडल



पटेल ने बताया कि पाक रक्षा मंत्री ने स्काई न्यूज को दिए एक हालिया साक्षात्कार में खुद इस बात को स्वीकार किया है कि तीन दशक से पाकिस्तान ने अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिम के देशों के साथ मिलकर न केवल आतंकवाद का गंदा खेल खेला है। बल्कि इस दौरान हमने आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। भारतीय राजदूत ने इसे पाकिस्तान की आतंकवाद समर्थक नीति की स्वयं उसके द्वारा की गई पुष्टि के साथ आया प्रमाण बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब इस सच्चाई को अनदेखा न करने की अपील की।

### आतंकवाद की कमर तोड़ेगा भारत

गौरतलब है कि यूएन में आतंकवाद को लेकर की गई पाकिस्तान की स्वीकारोक्ति उसके उस नापाक प्लान का हिस्सा है। जिसके जरिए वो पहलगाम हमले के बाद कश्मीर के मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है। सैन्य-सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही हालांकि इसका पूर्वानुमान लगा लिया था। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी साफ कर चुके हैं कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिर चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे बैठे हों।

### भारत के खिलाफ पाक का दुष्प्रचार

योजना पटेल ने ये भी कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान ने पुनः भारत के खिलाफ झूठे, निराधार आरोप लगाकर दुष्प्रचार करने के लिए यूएन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग किया है। लेकिन अब इसका कोई फायदा नहीं होगा। क्योंकि सच्चाई खुलकर सबके सामने आ गई है।

### भारत ने बैन किया आसिफ का 'एक्स' हैंडल

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का 'एक्स' हैंडल बैन कर दिया है। उसका यह कदम पाकिस्तान के कुल करीब डेढ़ दर्जन से अधिक यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने के ठीक अगले दिन सामने आया है।

## समय रहते नाकाम की गई कई सैन्य-असैन्य वेबसाइटों पर साइबर हमले की कोशिश

# भारत ने दिया पाकिस्तान के साइबर हमलों का मुंहतोड़ जवाब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान भारत में अस्थिरता फैलाने और उसका मनोबल तोड़ने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में सेंधमारी की नापाक कोशिश करने में लगा हुआ है। इसी के तहत उसने बीते सोमवार रात कुछ सैन्य और असैन्य वेबसाइटों को भी निशाना बनाना चाहा था। लेकिन भारत के मजबूत साइबर सुरक्षा नेटवर्क ने समय रहते पाकिस्तान की इस कोशिश को पकड़कर उसे पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि वेबसाइटों पर साइबर हमले के कुल करीब चार मामले सामने आए थे। जिनमें आर्मी पब्लिक स्कूल, रानीखेत और श्रीनगर, इंडियन एयरफोर्स प्लेसमेंट सेल और आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गेनाइजेशन (एडब्ल्यूएचओ) की वेबसाइट शामिल हैं। लेकिन इन सभी को साइबर हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ है, उनका डाटा पूरी तरह से सुरक्षित है। क्योंकि समय रहते भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई के साथ उचित कदम उठाए गए।

पाक की यह कोशिश भारत के जटिल राष्ट्रीय नेटवर्क तक पहुंचने में नाकाम रहने के बाद की गई है। जिसमें अब वह सामाजिक कल्याण और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई वेबसाइटों को हैक कर उनके नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहता है।

### रणनीतिक नेटवर्क को कोई नुकसान नहीं

सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान की इस कोशिश के दौरान हालांकि भारत के रणनीतिक व गोपनीय रूप से महत्वपूर्ण किसी भी नेटवर्क को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वह प्रत्येक स्तर पर पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने इसे दुश्मन के सीमित विकल्पों और निराशा का प्रमाण बताया। वहीं, दूसरी ओर सेना ने भी इस बात की प्रतिबद्धता जताई है कि वह अपने डिजिटल स्पेस की सुरक्षा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। साथ ही सेना अपने साइबर ढांचे को लगातार अपग्रेड करने के साथ ही अपने सैनिकों व उनके परिवारों के कल्याण के लिए कार्य करती रहती है।

### एलओसी से आईबी तक गोलीबारी

इन सबके बीच पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में लगभग 778 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा के साथ अब अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से लगे इलाकों में भी भारतीय सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की है। सूत्रों ने कहा कि बीते 28 और 29 अप्रैल की मध्य रात्रि में बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के कुपवाड़ा, बारामूला के साथ ही जम्मू स्थित अखनूर (आईबी का इलाका) के इलाकों में भी गोलीबारी की। जिसका उसी के अंदाज में भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया है। पाक सेना की तरफ से संघर्षविराम उल्लंघन का यह पांचवां दिन है। जिसमें उसने भारत की सेना की चौकियों को निशाना बनाकर गोलीबारी की है।


### जम्मू के सामने पाक सेना करती युद्धाभ्यास

पहलगाम आतंकी हमले के बीच भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के दौर में पाक सेना ने खारियाँ में हैमर स्ट्राइक नामक युद्धाभ्यास किया है। खारियाँ का इलाका भारत के जम्मू के सामने पाकिस्तानी इलाके में पड़ता है।

# मेमन क्रिकेट ट्रॉफी सिझन-2 2025 का मुंबई में चार दिनों का शानदार टूर्नामेंट हुआ मुकम्मल

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के इस्लाम जीम खाना और पारसी जीम खाना मैदान में तारीख 21 अप्रैल 2025 से 24 अप्रैल 2025 तक 4 दिनों का मेमन क्रिकेट ट्रॉफी सिझन 2 2025 का खुर्रम अबाजुमा और उनकी पुरी टीम ने टूर्नामेंट का शानदार आयोजन किया। पिछले साल सिझन 1 में मुंबई की 6 टीमों ने हिस्सा लिया था लेकिन इस साल इस टूर्नामेंट को नैशनल लेवल पर ऑर्गेनाइज किया गया जिसमें इस साल 2025 में मुंबई, नागपुर, अहमदाबाद, सुरत जैसे मुख्तलिफ शहेरों से क्रिकेट की कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जो टीमें मुंबई के बाहर से तसरिफ लाए थे उनको मुंबई की फाइवस्टार होटल में ठेहराया गया, मुंबई के इस्लाम जीम खाना, और पारसी जीम खाना में 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक तीन दिन में तीन, तीन राउंड का मेच हुआ जिसमें से 4 टीमों के दौरान 24 अप्रैल 2025 को सुबह 9.30 बजे सेमीफाइनल मैच हुआ जीस में पारसी जीम खाना में अबाजुमा रोयल्स, और रुमी चेलेंजर्स अहमदाबाद के बीच मुकाबला हुआ और अबा जुमा रोयल्स की जीत हुई, इस्लाम जीम खाना में मुंबई लायंस और नागपुर मेमन में मुकाबला हुआ और नागपुर मेमन विजेता हुई और साम को 6.30 बजे अबा जुमा रोयल्स और नागपुर मेमन के बीच कांटे की टक्कर भरा फाइनल मुकाबला हुआ। और फाइनल मेच में नागपुर मेमन रनर अप टीम और चेम्पियन बनी विजेता टीम में अबाजुमा रोयल्स की शानदार जीत हुई है। और इस टीम ने मेमन क्रिकेट ट्रॉफी सिझन 2 का कप जिता। ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के युथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रुटवाला ने पुरे प्रोग्राम को होस्ट कीया। इस मौके पर मुख्य महेमानों में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज मच्छीवाला, वर्लड मेमन ऑर्गेनाइजेशन के इंडिया चेप्टर प्रेसिडेंट हसीन अघाड़ी, मुंबई सीटी चेयरमैन मुदस्सिर पटेल, कोलसा मोहल्ला रानावाव हालाई मेमन जमात के ट्रस्टी बाबा भाई सोपारीवाला, बाबा भाई कोलसावाला, हाजी रेहमतुल्ला पटेल, प्रेसिडेंट अनवर अबाजुमा, वाईस प्रेसिडेंट सफी नियामा, सेक्रेटरी अल्ताफ शिवानी, जोइंट सेक्रेटरी नुर मोहमम्द पटेल, अफजल मलबारवाला, खुर्रम अबाजुमा ने मिडिया से बात करते हुए बताया की ये क्रिकेट टूर्नामेंट का असली मकसद युथ को आगे लाना है, युथ में कॉम्युनिटी की एक पहचान बनी रहे, और युथ आगे आए। इस टूर्नामेंट के लिए मेमन कॉम्युनिटी की सभी मेमन जमात को ऑर्गेनाइजेशन की होंसला अफजाई के लिए ताऊन करना चाहिए ताकी मेमन कॉम्युनिटी में ऐसे टूर्नामेंट होते रहें लोग एक दुसरे को जाने पहचाने आज मुआसरे आप देखिए एक दुसरे को देख कर लोगों में जलन ईर्षा हो जाती है लेकिन मेमन कॉम्युनिटी एक ऐसी कॉम्युनिटी है जो अमीर, गरीब, सब का ध्यान रखती है मेमन कॉम्युनिटी में जरुरतमंद को अगर शादी ब्याह में जरुरत रेहती है, यां स्कूल में पढ़ाई के लिए फिसल की जरूरत होती है यां मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए जरुरत होती है हर जगाह मेमन कॉम्युनिटी आगे आकर ताऊन करती हैं। आज ऐसे क्रिकेट टूर्नामेंट से युथ को उत्साहित किया जाता है, युथ को आगे लाया जाता है, एक दुसरे की पहेचान आपस में भाईचारगी को बढ़ावा दिया जाता है। इसका सारा फंड चेरीटी में इस्तेमाल किया जाता है। और ऐसे कई कार ए खैर के कामों को मेमन कॉम्युनिटी अंजाम दिया करती है। आने वाले साल में इस टूर्नामेंट को इंटरनेशनल लेवल पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा और लोगों को एक्ता ओर भाईचारगी का एक मेसेज दिया जाएगा। हम चाहते हैं की मेमन कॉम्युनिटी में छोटा हो यां बड़ा सब एक दूसरे को जाने पहचाने, और एक होकर इसकी मिसाल कायम करें। और ऐसे ही हर गेम को ऑर्गेनाइज किया जाए। आगे उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में हमारी पुरी टीम में इरफान लाधा, अहमद अबाजुमा, रिजवान कापड़िया, अली भोजानी, अनस अबाजुमा, और समीर मामदानी ने अपनी महेनत से इसे कामयाब बनाया है।



# स्वाती मोरे-दारवटकर ने मो. वडगांव स्वास्थ्य केंद्र में ईसीजी सुविधा उपलब्ध कराई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** श्रीमती स्वाती मोरे दारवटकर ने मरीजों की सुविधा के लिए मोहिते वडगांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ईसीजी मशीन अपनी खुशी से भेट कर रही हैं। स्वाती मोरे दारवटकर ने कहा कि कोरोना के बाद हाल के दिनों में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। कई रोगियों को सीने में जलन, अचानक पसीना आना और चक्कर आना जैसी समस्याएं होती हैं। मरीज इसे पित्ताशय की समस्या मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कुछ मामलों में दिल का दौरा पड़ता है और मरीज की मौत हो जाती है। मोहिते वडगांव ग्राम और आसपास के इलाकों में भी ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं। कुछ युवा लोग भी दिल के दौरे का शिकार हो गए हैं। अब गांव के स्वास्थ्य केंद्र में ईसीजी सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। पिछले वर्ष मेरे कुछ करीबी रिश्तेदार, जिनमें मेरे पति, भाई और चाचा शामिल हैं, हृदय संबंधी दर्द के तुरंत बाद ईसीजी न कराने के कारण उन का दुखद निधन हो गया था। स्वाती मोरे दारवटकर ने बताया कि वह अपने पति स्वर्गीय अभिजीत दारवटकर की पहली पुण्यतिथि पर यह ईसीजी मशीन किट अस्पताल को समर्पित कर रही हैं, ताकि मेरे गांव में किसी और के साथ ऐसा समय न आए। उन्होंने कहा कि ईसीजी मशीन के लिए लगने वाली सामग्री पेपर और मशीन के रखरखाव का खर्च भी वे स्वयं करेंगी कहा। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी रोहन जाधव ने स्वाती मोरे दारवटकर का आभार व्यक्त किया। मो. वडगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल ही में नवीनीकरण किया गया है। हमने स्वास्थ्य विभाग से ईसीजी सेवा की मांग की है। यह मशीन मांग पूरी होने तक मरीजों की जांच में मदद होगी। डॉ. जाधव ने मो. वडगांव और आसपास के इलाकों के मरीजों से अपील की है कि वे हृदय रोग के लक्षण महसूस होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में आएं और बिना देरी किए ईसीजी करवाएं। इस अवसर पर डॉ. अमोल उगाडे, पूर्व उपसरपंच दत्तात्रेय मोरे, ग्राम पंचायत सदस्य जगन्नाथ मिसाळ, पत्रकार दिलीप मोहिते, सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रोहन जाधव, स्वास्थ्य सहायक डॉ. म्हेत्रे, स्वास्थ्य सेवक शरद गायकवाड़, पाटणकर, स्वास्थ्य सेविका अश्विनी भिलारे, नीलम माने, ह.भ.प. नामदेव मोहिते गुरुजी, सामाजिक कार्यकर्ता हिंदूराव मोरे, विनोद मोहिते, शाहजी मोहिते, संजय मोहिते, विष्णु मोरे, मनीषा शिंदे, प्रशांत मोहिते, अजिंक्य मोहिते आदि उपस्थित थे।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अक्षय तृतीया के अवसर पर एवरलाइट बाय सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर अपना नया स्टोर लॉन्च किया

## भारतभर में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के 177वें स्टोर के उद्घाटन का जश्न

**मुंबई।** ज्वेलरी उद्योग में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'एवरलाइट बाय सेनको' के तहत मुंबई के व्यस्त अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर अपना पहला मेट्रो स्टेशन स्टोर लॉन्च किया है। महज 200 वर्ग फुट में फैला ब्रांड का यह 177वां नया स्टोर सेनको की उत्कृष्ट कारीगरी और खूबसूरत ज्वेलरी को शहरभर के ग्राहकों के करीब लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस भव्य अवसर को और भी खास बनाने के लिए, मशहूर अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर ने अंधेरी ईस्ट स्थित इस नए स्टोर का उद्घाटन किया। 'एवरलाइट बाय सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स' स्टोर में हल्के वजन वाले, आधुनिक और रोजमर्रा की जरूरतों के अनुरूप बनाए गए डिजाइनर ज्वेलरी का विस्तृत कलेक्शन प्रस्तुत किया गया है, जो हर अवसर के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है। स्टोर लॉन्च पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर जोइता सेन ने कहा, मुंबई हमारे दिल के बहुत करीब है। हम बेहद उत्साहित हैं कि अब हम मुंबई के मेट्रो नेटवर्क के केंद्र में ग्राहकों को आधुनिक, हल्के और वर्सटाइल ज्वेलरी का अनुभव दे सकेंगे, वो भी बेहतरीन कारीगरी और स्टाइल के साथ। इस शुभ अवसर पर मानुषी छिल्लर की उपस्थिति ने इस जश्न को और खास बना दिया है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के मुख्य महाप्रबंधक धवल राजा ने कहा, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए, हम मुंबई शहर में 'एवरलाइट बाय सेनको' के हल्के वजन वाले ज्वेलरी कलेक्शन को पेश करते हुए रोमांचित हैं। इस नए स्टोर के साथ हम अब भारत में 177 स्टोर्स





तक पहुंच गए हैं। मेट्रो स्टेशन के अंदर ज्वेलरी स्टोर खोलने का यह पहला प्रयास हमारे ग्राहकों के रोजमर्रा के जीवन में उत्कृष्ट कारीगरी और आधुनिक डिजाइन को और नजदीक लाने की दिशा में एक नया कदम है। स्टोर के उद्घाटन पर उत्साह व्यक्त करते हुए अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने कहा, सपनों के शहर मुंबई में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के नए स्टोर के लॉन्च का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। मुंबई का जीवन और मेट्रो स्टेशन गहरे जुड़े हुए हैं, ऐसे में अंधेरी जैसे व्यस्त स्थल पर स्टोर खोलना हर कामकाजी महिला के लिए इसे एक आदर्श स्थान बनाता है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स हमेशा से शिष्टता और परंपरा का प्रतीक रहा है, और 'एवरलाइट' की हल्की और आधुनिक डिजाइनें आज की आधुनिक भारतीय महिलाओं की स्टाइल और व्यावहारिकता दोनों को खूबसूरती से दर्शाती हैं। मुझे विश्वास है कि मुंबई के लोग इन शानदार कलेक्शनों को बेहद पसंद करेंगे। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने ज्वेलरी उद्योग में आठ दशकों से अधिक की मजबूत विरासत के साथ खुद को एक भरोसेमंद नाम के रूप में स्थापित किया है। ब्रांड लगातार भारत भर में अपने स्टोर्स का विस्तार कर रहा है, जहां पारंपरिक और आधुनिक सौंदर्यशास्त्र का सुंदर मेल देखने को मिलता है। भव्य उद्घाटन समारोह में शानदार ऑफर्स, विशेष छूट और नए डिजाइनों की खास प्रदर्शनी ने बड़ी संख्या में ज्वेलरी प्रेमियों और ग्राहकों को आकर्षित किया।

# MATTER ने AERA-दुनिया की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल-की राष्ट्रीय स्तर पर तेज़ी से उपलब्धता बढ़ाने की शुरुआत की

**मुंबई।** बेंगलुरु में शानदार लॉन्चिंग के बाद अब MATTER दुनिया की पहली मैन्यूफैक्चर्ड हाइपरशिफ्ट गियर्ड इलेक्ट्रिक मोटरबाइक को भारत के अन्य बड़े शहरों में लॉन्च करने के लिए तैयार है। MATTER की देशव्यापी विस्तार की योजना के तहत अगले 45 दिन में AERA को पुणे, दिल्ली, चेन्नई, कोयंबटूर, मुंबई, जयपुर, सूरत और राजकोट में लॉन्च किया जाएगा। अपने प्रतिष्ठित डिज़ाइन, क्रांतिकारी तकनीक और बेजोड़ सवारी अनुभव के साथ AERA पहले ही लोगों की अपेक्षाओं को एक नई दिशा दे चुकी है। यह मोटरसाइकिल बिजली से चलने वाली



नवीनता को गियर बदलने के रोमांच से जोड़ती है। अब यह क्रांति नए शहरों की ओर बढ़ने को तैयार है। matter.in और फ्लिपकार्ट पर इसकी प्री बुकिंग शुरू हो गई है। अभी कंपनी शुरुआती खरीदारों को विशेष ऑफर भी दे रही है। अपने शहर में AERA को चलाने वाले पहले शख्स बनिए और भविष्य की राइडिंग के लिए तैयार हो जाइए। इन शहरों में होगी लॉन्चिंगः पुणे दिल्ली चेन्नई कोयंबटूर मुंबई जयपुर सूरत राजकोट हर शहर में होने वाले लॉन्च के दौरान यह शामिल होगाः AERA की खूबियों को नज़दीक से जानने के लिए विशेष एक्सपीरियंस हब्स। रियल टाइम टेस्ट राइड शुरुआती खरीदारों के लिए विशेष कीमत और खास लाभ ऑनलाइन प्री बुकिंग पर मिलेगी प्रायोरिटी डिलीवरी MATTER के संस्थापक एवं सीईओ मोहाल लालभाई ने कहा, 'बेंगलुरु में हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अगले चरण में हम भारत के अन्य प्रमुख शहरों में भी AERA को उपलब्ध कराने की तैयारी में हैं। हम एक ऐसा प्रोडक्ट दे रहे हैं, जो न केवल हाइटेक है, बल्कि यह भारतीय रास्तों और भारतीयों की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप भी है। बुकिंग शुरू हो गई है और राइडिंग का फ्यूचर आपसे सिर्फ एक क्लिक की दूरी पर है।'

# इस साल अक्षय तृतीया पर पाएं प्लेटिनम ज्वेलरी का अक्षय आशीर्वाद

**मुंबई।** हिंदू संस्कृति के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक, अक्षय तृतीया नई शुरूआत, समृद्धि और सौभाग्य के साथ नए प्रयासों और अक्षय आशीर्वाद का प्रतीक है। इस साल 30 अप्रैल, 2025 को अक्षय तृतीया मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के उत्सव की शुरूआत के साथ 'टू व्हाईट' खरीदने का भी काफी ज्यादा महत्व है क्योंकि यह शुद्धता और पवित्रता को प्रदर्शित करता है। प्लेटिनम ज्वेलरी 95 प्रतिशत शुद्धता और कालातीत आकर्षण के साथ अंदर से बाहर तक सफेद है, जो अक्षय तृतीय के मूल भाव को आत्मसात करता है। पृथ्वी पर मौजूद सबसे दुर्लभ और शुद्ध मैटल



के रूप में प्लेटिनम अपनी प्राकृतिक सफेद चमक के लिए मशहूर है, जो कभी भी फींकी नहीं पड़ती है। इसलिए यह पवित्र उत्सवों के लिए उपयुक्त है। अपने शुद्धता के गुण के कारण अक्षय तृतीय मनाने के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी सबसे उत्तम है। प्लेटिनम ज्वेलरी ग्राहकों को अक्षय तृतीय मनाने के लिए विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। महिलाओं के लिए प्लेटिनम इवारा, पुरुषों के लिए मेन ऑफ प्लेटिनम, और युगलों के लिए प्लेटिनम लव बैंड्स अद्वितीय ज्वेलरी के साथ प्रतिबद्धता की सुंदर अभिव्यक्ति करते हैं। प्लेटिनम ज्वेलरी पारंपरिकता को आधुनिकता से जोड़ती है। यह कई पीढ़ियों से स्थायी समृद्धि और सौंदर्य का प्रतीक है। हर प्लेटिनम ज्वेलरी पर अंकित ₹Pt 950₹ इसकी सर्वोच्च शुद्धता को प्रदर्शित करता है, जो अक्षय तृतीया मनाने के लिए सर्वोत्तम है। पूरे देश में स्थित ज्वेलरी रिटेलर्स से प्लेटिनम ज्वेलरी खरीदकर अक्षय तृतीय मनाईये!

# राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले का किया निषेध




**मुंबई।** 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में कायराना हमला किया, जिसमें देश-विदेश से आए कुछ पर्यटकों को गोली मार दी गई। 27 पर्यटकों की मौत हो गई और कुछ पर्यटकों का अभी भी इलाज चल रहा है। इस अवसर पर रमज़ान शेख, राज्य संगठक सचिव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार और खारघर शहर अध्यक्ष, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार, ज्ञानेश्वर शिंदे के मार्गदर्शन में खारघर नवी मुंबई में एक विरोध सभा और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। इस अवसर पर रमज़ान शेख ने आतंकवादियों के बारे में अपनी भावनाएं कड़े शब्दों में व्यक्त कीं, और शरदचंद्र पवार साहब ने विचार व्यक्त किया कि सभी विपक्षी दल इस समय केंद्र सरकार के पीछे मजबूती से खड़े हैं। यद्यपि हमारे कश्मीर और महाराष्ट्र में कोंकण पर्यटन के लिए प्रसिद्ध स्थान हैं, फिर भी यह महसूस किया गया कि केंद्र और राज्य सरकारों को भविष्य में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

# क्या है Whey Protein? महिलाओं को कब करना चाहिए इसका सेवन

**व्हे प्रोटीन के फायदे :** मसल्स और बॉडी बनाने के लिए पुरुष वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन खाते हैं। व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट पुरुषों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महिलाओं के लिए भी फायदेमंद होता है। जी हां, एक रिसर्च के अनुसार व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन महिलाओं के लिए भी अच्छा होता है। आइए जानते हैं महिलाओं के लिए व्हे प्रोटीन के फायदे और इसे लेने की सही मात्रा।

## क्या होता है व्हे प्रोटीन?

व्हे प्रोटीन ऐसा हाई प्रोटीन होता है, जो प्राकृतिक दूध और मिल्क उत्पादों में पाया जाता है। यह कॉमन डायटरी सप्लीमेंट बॉडीबिल्डिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पचाने में आसान यह सप्लीमेंट वजन घटाने में भी मदद करता है। व्यायाम के तुरंत बाद केवल 10 ग्राम व्हे प्रोटीन खाने ले मसल्स पुनर्निर्माण के लिए तैयार हो जाती है।

## महिलाओं के लिए क्यों जरूरी है व्हे प्रोटीन?

महिलाओं में लगातार बढ़ता मोटापा एक आम समस्या बन गई है। इसके कारण वह डायबिटीज, हार्ट डिसीज और कैंसर जैसी बीमारियों की चपेट में भी आसानी से आ जाती है। ऐसे में यह न सिर्फ मोटापा कंट्रोल करने के लिए बल्कि बीमारियों से बचने के लिए भी महिलाओं को व्हे प्रोटीन खाना चाहिए। इतना ही नहीं, इसका सेवन शरीर में प्रोटीन की कमी को पूरा करता है। आप इसे अपने ट्रेनर की सलाह पर ले सकती हैं।

## कितनी मात्रा में लेना चाहिए प्रोटीन

बाहर काम करने वाले महिलाओं को बॉडी वेट के हिसाब से प्रोटीन लेना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, प्रति किलो वजन के हिसाब से 0.75 ग्राम प्रोटीन लेना सही होता है। महिलाएं इसका सेवन वर्कआउट के बाद या उस दौरान कर सकती हैं। आप इसे जूस, दूध और पानी के साथ ले सकती हैं। इसके अलावा आप मीट, मछली, टोफू, नट्स या दालें का सेवन करके भी व्हे प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकती हैं क्योंकि इन फूड्स में हाई प्रोटीन होता है।

## व्हे प्रोटीन के फायदे

1. पचाने में आसान होने के कारण आप इससे पेट से जुड़ी प्रॉब्लम से बच सकती हैं।
2. यह प्रोटीन शरीर में मसल्स बढ़ाने और फैट को कम करने में मदद करता है।
3. महिलाओं का इम्यून सिस्टम कमजोर होने के कारण वह जल्दी बीमार हो जाती है लेकिन इससे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।
4. जिन महिलाओं को लैक्टोज से एलर्जी की प्रॉब्लम है उनके यह बेहद फायदेमंद है।
5. अगर आप वजन कम करना चाहती हैं तो वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन का सेवन करें। इससे न सिर्फ मोटापा कम होगा बल्कि वह कंट्रोल में भी रहेगा।
6. एंटीऑक्सीडेंट, एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण होने के कारण यह ब्लड प्रैशर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।



# हैल्दी हेयर के लिए सिर्फ तेल या शैंपू नहीं, ये डाइट भी लेनी जरूरी

**बालों के लिए उपयुक्त आहार :** बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के लिए आप तेल, शैंपू, मेहंदी, अंडा, शिकाकाई, महंगे हेयर प्रॉडक्ट्स और न जाने क्या-क्या इस्तेमाल करते हैं। मगर इनके साथ-साथ बालों को स्वस्थ रखने के लिए हैल्दी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए अपने डाइट चार्ट में पोषणयुक्त आहारों को शामिल करें। आइए जानते हैं हैल्दी बालों के लिए आपको क्या-क्या खाना चाहिए।

**1. अखरोट का सेवन –** रोजाना अखोरट का सेवन बालों को मजबूत और स्वस्थ रखता है। दरअसल, अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाने और उसे मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने और दोमुंहे होने से भी रोकता है।

**2. हरी सब्जियां –** पालक, ब्रोकली व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में मौजूद आयरन बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है इसलिए अपनी डाइट में इसे भी जरूर शामिल करें। इसके अलावा स्प्राउट्स का सेवन भी बालों के लिए फायदेमंद होता है।

**3. हैल्दी पेय –** स्वस्थ बालों के लिए दूध और नारियल पानी का सेवन भी बहुत अच्छा होता है। जहां दूध में मौजूद कैल्शियम बाल झड़ने नहीं देता, वहीं नारियल पानी से शरीर में पानी की कमी नहीं होती, जिससे आप रूसी की समस्या से बचे रहते हैं।

**4. अंडा –** अंडा प्रोटीन का सबसे अच्छा स्रोत होता है। प्रोटीन के अलावा इसमें आयरन, सल्फर, जिंक और सेलेनियम भी पाया जाता है, जोकि बालों को मजबूत और प्रॉब्लम फ्री रखता है। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार इसका सेवन बालों के लिए अच्छा होता है।

**5. मछली का सेवन –** मछली में मौजूद ओमेगा-थ्री फैटी एसिड, विटामिन बी-12 और आयरन भी बालों को चमकदार बनाता है। हफ्ते में कम से कम एक बार इसका सेवन सेहत के साथ बालों के लिए भी फायदेमंद होता है।

**6. साबुत अनाज –** साबुत अनाज में जिंक, विटामिन बी और आयरन जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं, जो बालों को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इतना ही नहीं, इससे बाल मजबूत भी होते है और हेयरफॉल की समस्या भी दूर होती है।

# घर पर आसानी से मिनटों में निकाले व्हाइटहेड्स

बेदाग और गोरे चेहरे की कामना हर किसी की होती है। मगर गलत खान-पान, कम पानी पीना या धूप में ज्यादा समय बिताने से चेहरे पर व्हाइटहेड हो जाते हैं। जो इंसान की पूरी पर्सनैलिटी को खराब कर देते हैं। अपने चेहरे पर पड़े इन दागों को दूर करने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। मगर उनसे भी कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आसानी से व्हाइटहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।



**1. चंदन पाउडर –** व्हाइटहेड से छुटकारा पाने के लिए चंदन पाउडर का इस्तेमाल करें। 1/2 टी स्पून चंदन पाउडर में 1 टीस्पून डिस्टिल्ड वॉटर डालकर मिक्स कर लें। अब इसको माथे और ठोडी पर लगाकर 5 मिनट के लिए छोड़ दे। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**2. ओटमील –** ओटमील भी व्हाइटहेड से राहत दिलाता है। 2 टेबलस्पून उबले ओटमील में 1 टी स्पून गुलाबजल मिलाकर माथे और ठोडी पर लगाएं। तकरीबन 10 मिनट तक इसको चेहरे पर लगा रहने दें। कुछ देर बाद इसको ठंडे पानी से धो लें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. मुट्ठी भर मेथी–** मेथी से भी व्हाइटहेड्स को गायब किया जा सकता है। मेथी के दानों को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तकरीबन 20 मिनट तक लगाने के बाद चेहरा गर्म पानी से धो लें।

**4. चीनी और शहद स्क्रब–** चीनी और शहद को मिलाकर एक स्क्रब बना लें। रात को सोने से पहले या सुबह इस पेस्ट से स्क्रब करें। मगर ध्यान रहें स्क्रब करने के बाद कभी भी चेहरा गर्म पानी से ना धोएं। हमेशा नॉर्मल पानी का ही इस्तेमाल करें।

**5. बादाम और दूध 5-6** बादाम को पीसकर 2 चम्मच दूध में मिला लीजिए और गाढ़ा पेस्ट बनाइए। इस पेस्ट से चेहरे को स्क्रब कीजिए। इससे व्हाइहेड्स साफ हो जाएंगे और स्किन चमकदार बनेगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'गद्दार है करीना कपूर...'



**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद जहां पूरे देश में गुस्से का माहौल है, वहीं करीना कपूर खान की हालिया तस्वीरों और मुलाकात ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें जमकर निशाने पर ले रहे हैं। दरअसल, हाल ही में करीना पाकिस्तानी डिजाइनर और अपने पुराने दोस्त फराज मनन के साथ दुबई में डिनर और फोटोशूट करती नजर आईं, जिसे लेकर लोगों में काफी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। मालूम हो, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें 26 लोगों की जान गई और कई घायल हो गए। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। आम लोगों से लेकर नेताओं और फिल्मी सितारों तक ने इस घटना पर दुख और गुस्सा जताया था। करीना कपूर ने भी सोशल मीडिया पर इस हमले को लेकर श्रद्धांजलि दी थी। लेकिन महज सात दिन बाद ही करीना का पाकिस्तानी डिजाइनर के साथ मुलाकात करना सोशल मीडिया यूजर्स को बिल्कुल नागवार गुजरा। लोगों का कहना है कि जब भारत पाकिस्तान से तनाव झेल रहा है, उस वक्त किसी बॉलीवुड स्टार का पाकिस्तान से जुड़े किसी शख्स के साथ मिलना असंवेदनशीलता दर्शाता है। फराज मनन ने करीना के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जो मिनटों में वायरल हो गई। इसके बाद से करीना पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। कुछ यूजर्स ने उन्हें गद्दार कहा तो कुछ ने उनके देशभक्ति के भाव पर सवाल उठाए। कई लोग उन्हें बायकॉट करने की भी मांग कर रहे हैं।



## नागा चैतन्य ने किया स्पष्ट इंकार

**साउथ सुपरस्टार** नागा चैतन्य को लेकर हाल ही में चल रही अफवाहों पर अब पूर्ण विराम लग गया है। काफी समय से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेता एक राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित वेब सीरीज मायासभा का हिस्सा होंगे, जिसे निर्देशक देव कट्टा बना रहे हैं। हालांकि, चैतन्य की टीम ने इन सभी खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। चैतन्य की टीम की ओर से आए बयान में कहा गया कि अभिनेता का मायासभा प्रोजेक्ट से कोई लेना-देना नहीं है और ऐसी सभी अटकलें निराधार हैं। चैतन्य के फैंस के लिए यह एक स्पष्ट संकेत है कि वे फिलहाल किसी वेब सीरीज में नहीं, बल्कि अपने आने वाली बड़ी फिल्म पर पूरी तरह से केंद्रित हैं। नागा चैतन्य इन दिनों अपनी 24वीं फिल्म, अस्थायी नाम NC24, पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन कार्तिक वर्मा दांडू कर रहे हैं, जो इससे पहले लेखक के तौर पर निर्देशक सुकुमार के साथ जुड़ चुके हैं। इस थ्रिलर फिल्म को बीवीएसएन प्रसाद और सुकुमार मिलकर SVCC और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। NC24 को एक रहस्यमयी थ्रिलर के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें चैतन्य का किरदार एक पौराणिक पृष्ठभूमि से प्रेरित, बीहड़ और शक्तिशाली रूप में सामने आएगा। हाल ही में अभिनेता के जन्मदिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया, जिसने इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।



## दीपिका फिर से शाहरुख खान संग बड़े पर्दे पर आएंगी नजर?

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान लंबे वक्त अपनी मच अवेटेड फिल्म किंग को लेकर सुर्खियों में है। वहीं इस फिल्म में पहली बार अभिनेता ने अपनी बेटी के साथ डेब्यू कर रहे हैं। इसी बीच खबरें सामने आ रही है कि बॉलीवुड के बादशाह सिल्वर स्क्रीन पर वापसी के लिए कमर कस रहे हैं और ऐसा कहा जा रहा है कि वो अपनी मशहूर ओम शांति ओम साल 2007 की हीरोइन दीपिका पादुकोण को एक्शन से भरपूर थ्रिलर किंग में से वापसी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित किंग का प्री-प्रोडक्शन इन दिनों जोड़ो पर है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अभय वर्मा, अरशद वारसी और जयदीप अहलावत नजर आएंगे। साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को इस एक्शन से भरपूर इस फिल्म में एंट्री पक्की हुई है। हालांकि, इस पर मेकर्स और एक्ट्रर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है। अब इन सब के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की डेट सामने आ गई है। दरअसल, शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण फिल्म किंग की शूटिंग 18 मई 2025 से शुरू होने जा रही है। खबर के अनुसार फिल्म किंग में दीपिका एक खास रोल में होंगी। वो शाहरुख की पुरानी प्रेमिका और उनकी बेटी का किरदार निभाने वाली सुहाना खान की मां की भूमिका में दिखाई देंगी। इन सबके बीच अगर किंग की रिलीज डेट की बात करें, तो साल 2026 की आखिरी तिमाही के लिए यानि 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर के बीच आ सकती है।